Title: Need for early clearance of Arpa Bhaisajhal Irrigation Project of Chattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ राज्य अन्तर्गत जिला बिलासपुर के अरपा भैसाझाल परियोजना स्वीकृति हेतु लगभग 20 वर्षों से विचाराधीन तथा शासन द्वारा स्वीकृति की प्रत्याशा में बिलासपुर जिले के ग्राम सकरी में सरकारी कार्य के संचालन हेतु 200 आवास तथा मुख्यालय निर्माण किए गए थे। कर्मचारियों एवं अधिकारियों की नियुक्ति कर उसे संचालित किया जा रहा था किन्तु अचानक उक्त योजना पर रोक लगा दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा पुनः योजनान्तर्गत सर्वे का प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु केन्द्र सरकार को भेजे गया है। प्रस्ताव विचाराधीन कर स्वीकृत किया जाए जिसके बनने से वहां के किसानों की लगभग 10 हजार एकड़ भूमि की सिंचाई होगी और किसानों की अर्थिक स्थिति सुधरेगी।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जिला बिलासपुर के अरपा भैसाझाल परियोजना (सिंचाई) की स्वीकृति अविलम्ब की जाए।